**गिरफ्तारी** | अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

# विद्युत कर्मचारियों पर हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह। विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर हुए हमला के आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.घटना का संक्षिप्त विवरण 20 फरवरी 2026 को प्रार्थी राजेश बियार पिता प्रेमलाल बियार उम्र 30 साल निवासी नवजीवन बिहार जिला सिंगरौली म.प्र हाल कनिष्ठ अभियंता विधुत विभाग किल्लाई नाका दमोह की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र 152/2026 धारा 132, 121(1), 115 (2),221,296 (बी)192 (2), 351 (3) बीएनएस 3(1) द,3 (1)ध,3(2)वीए एससी/एसटी एक्ट आरोपी बूटी खान, शायरा बानो,अजीज खान,सोनू खान सप्पू खान तथा अन्य 2 व्यक्ति महिला पुरुष निवासी दमोह के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया.**



पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन,अति.पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में प्रकरण की विवेचना निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा की गयी.प्रकरण की विवेचना के दौरान दिनांक 22 फरवरी 2026 को प्रकरण के आरोपीगण अजीज खान पिता अब्दुल खान उम्र 40 वर्ष, गुड़िया उर्फशायरा बानो पति अब्दुल उर्फपुट्टाई खान उम्र 29 वर्ष और श्रीमति चांदवी उर्फचंदो पति इमाम उल्हक उम्र 45 वर्ष सभी निवासी निवासी गढ़ी मुहल्ला दमोह के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी. प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है.इस दौरान थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार,प्र.आर अभिषेक चौबे, प्र.आर. देवेन्द्र रैकवार, प्र.आर अजित दुबे प्र.आर महेश यादव, आर.नरेन्द्र पटैरिया, आर. ब्रिजेन्द्र मिश्रा,आर.आकाश पाठक,म.आर साक्षी सांडिल्य,म.आर. विमला राठौर, म.आर नेहा बिल्थरे का विशेष योगदान रहा.

## अजब धाम में दशहत फैलाते तीन युवक पकड़े चौकी पुलिस की कार्यवाही

**नवभारत,अजबधाम/दमोह** .मगरोन थाना क्षेत्र के अजब धाम में दहशत फैलाने के उद्देश्य से तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, मगरोन थाना प्रभारी बीएल पटेल के नेतृत्व में चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह ठाकुर स्टाफ ने आयोजन समापन के दौरान राजा यादव निवासी पुरैना बक्शी को चाकू के साथ पकड़ा साथ मे कपिल यादव और आशु विश्वकर्मा को पकड़ा गया है,जिनमे से एकपर आर्म्स एक्ट सहित तीनो पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही पुलिस ने की है.



## विधायक जयंत मलैया ने आमचौपरा पहुंच कर लिया जायजा

**नवभारत,दमोह** . शहर से लगे आम चोपड़ा और अथाई मार्ग का प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है.जिसका अवलोकन करने प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री और वर्तमान विधायक जयंत मलैया ने रविवार शाम पहुंचकर अधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ जायजा लिया.इस दौरान अधिकारियों के साथ ठेकेदार/कॉन्ट्रैक्ट को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. कहा सर्वप्रथम निर्माण कार्य करने के पहले अतिक्रमण हटाया जाए,नालियों का निर्माण किया जाए. साथ ही पानी निकासी की व्यवस्था को देखते हुए व्यवस्थित रोड निर्माण करने के निर्देश दिए. बता दें कि यह मार्ग सीधा मेडिकल कॉलेज के लिए लगेगा. सुख सागर से लेकर मेडिकल तक बहुत अच्छा मार्ग हो जाएगा.लोगों के लिए परेशानी नहीं होगी.

## मनुष्य को अंहकार नहीं करना चाहिए : शास्त्री

### भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**कुम्हारी नवभारत 22 फरवरी।** गांव सलैया में पंचम दिवस की श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बचपन की मधुर लीलाएं, जैसे माखन चोरी और यशोदा माता के साथ प्रेमपूर्ण प्रसंग सुनाए। कथा वाचक डॉ. रजनीश शास्त्री ने कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना का भगवान कृष्ण द्वारा वध करने की कथा, गोवर्धन पूजा, इंद्र के अहंकार को चूर करने के लिए भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को 7 दिनों तक कनिष्ठा उंगली पर धारण करने का वर्णन किया गया। इस दौरान 56 भोग लगाए जाते हैं। डॉ. शास्त्री ने बताया कि जब तक व्यक्ति अहंकार का त्याग नहीं करता, तब तक उसके जीवन से अंधकार दूर नहीं होता है। कथा में सुबह पूजन और अभिषेक होता है।



## श्रीमद् भागवत कथा : धूमधाम के साथ मनाया रुक्मणी विवाह



**नवभारत,दमोह।** देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के समीप जुझार गांव में व्यारमा नदी के पावन तट पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में कथा व्यास पंडित श्री शालिकराम पांडे द्वारा कथा श्रवण कराई जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। साथ ही कथा के छठबें दिवस की बेला में कथा व्यास पंडित शालिकराम पांडे ने कहा कि कृष्ण भगवान ने सखियों के साथ रास एवं कंस वध, उद्धव प्रसंग, श्री कृष्ण विवाह रुक्मणि महोत्सव का वर्णन किया।

# मुनिश्री के सानिध्य में विधान के महापात्रों का चयन आज, युवा संवाद कार्यक्रम

**नवभारत,दमोह. नगर की उमा मिस्त्री की तलैया में सकल जैन समाज के द्वारा मुनि श्री 18 पदम सागर जी महाराज के सानिध्य में 24 फरवरी से 3 मार्च तक श्री 1008 चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 23 फरवरी को सुबह 8:30 बजे से मुख्य पात्र चयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वही 24 फरवरी को सिटी नल से विधान की कलश घट शोभायात्रा निकाली जाएगी।**



24 समोशरण महामंडल विधान को लेकर सकल जैन समाज के बीच जहां उत्साह का माहौल बना हुआ है वही आमंत्रित अतिथि जनों को आमंत्रण पत्र भी सौपे जा रहे हैं। इधर विधान स्थल पर पंडाल लगाए जाने के साथ सभी तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही है।इसके पूर्व युवाओं को धर्म मार्ग से जोड़ने 22 फरवरी को श्री नन्हे मंदिर परिसर में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री पदम सागर जी एवं छुल्लक तात्पर्य सागर जी के द्वारा नवयुवकों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। युवाओ की शंकाओं का समाधान किया गया। आज के इस भौतिकवाद, चकाचोंध और आपाधापी भरे जीवन में युवा वर्ग अपनी ऊर्जा और मन को कैसे संयमित व नियंत्रित करके उचित दिशा में कैसे क्रियाशील करें इसका भी मुनि श्री द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से विकल्प जैन ने किया।विधान समिति के संयोजक महेश दिगंबर, नन्हे मंदिर समिति अध्यक्ष नवीन निराला, विवेक राम, अमरजीत लालू, विवेक मोदी, सौरभ, शीतेश सहित बड़ी संख्या में युवाओं व बालिका मंडल उपस्थिति रही।

## मंगल कलश व छत्र की लगाई बोली, तिलकउत्सव के साथ कार्यक्रम का समापन



**कुम्हारी नवभारत 22 फरवरी।** वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया, सांसद राहुल सिंह, कलेक्टर सुधीर कोचर पहुंचे। वेदी प्रतिष्ठा और तिलक महोत्सव के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बाल ब्रह्मचारी आत्मानंद वैराग नंद के सानिध्य में चल रहे वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिवस साधकों एवं हजारों जन समूह की उपस्थिति में नवीन वेदी पर जिनवाणी की स्थापना एवं छत्र तथा ध्वजारोहण किया गया। इसमें ग्रामवासियों ने धर्म लाभ लिया। नगर में त्रिदिवसीय त्रिरत्न वेदी प्रतिष्ठा श्री जिनवाणी की स्थापना, तिलक महोत्सव का आयोजन तारणतरण मंडल आचार्य मुनिराज के सानिध्य में ध्वजा रोहण हुआ। विधि विधान से मंगल कलश, छत्र, की बोली लगाई गई। अनुयायियों ने गाजे बाजे के साथ मंदिर वेदी पर स्थापित किया गया। इस दौरान आत्मानंद महाराज, वैराग्यनंद महराज, रजत भैया, प्रतिष्ठाचार्य पंडित जयकुमार जैन, महेश कुमार जैन, सचिन जैन आदि उपस्थिति रहे।





## भव्य कलश व शोभा यात्रा निकाली

**नवभारत,दमोह** .लक्ष्मण कुटी से पालर श्रीमद्भगवत कथा शोभायात्रा में शामिल हुए प्रसिद्ध बुंदेली कथा वाचक पूज्य विपिन बिहारी जी महराज के पावन मंगल सानिध्य में 22 से 28 फरवरी तक यह भव्य आयोजन हो रहा है, जिसकी भाव्य कलश व शोभा यात्रा निकाली गई.



## अंतिम दिवस क्लोजिंग बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित

**नवभारत,दमोह** .जिला चिकित्सालय दमोह में 3 दिवसीय एनक्यूएएस के राष्ट्रीय स्तर की तीन सदस्यी टीम द्वारा दिनांक 19 से 21 फरवरी तक निरीक्षण किया गया .टीम में फरीदाबाद से विंग कमांडर डॉ योगेश चंद्रा, बागपत से डॉ मीना मित्तल, तथा सीतामढ़ी बिहार से विजय कुमार झा शामिल रहे . जिला चिकित्सालय दमोह एनक्यूएएस के राष्ट्रीय प्रमाणीकरण हेतु दूसरी बार शामिल किया गया है।इससे पूर्व वर्ष 2022 में भी राष्ट्रीय एनक्यूएएस प्रमाणीपलकरण प्राप्त किया था .जहां पिछली बार 12 विभाग का प्रमाणीकरण हुआ था,इस बार 19 विभाग लिए गये हैं .टीम द्वारा तीन दिनों तक गहन निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट एनएचएसआरसी दिल्ली को सौंपी जाएगी .टीम द्वारा जिला चिकित्सालय की प्रशंसा की गई तथा और विकास की संभावनाओं पे काम करने हेतु निर्देशित भी किया गया .अंतिम दिवस क्लोजिंग बैठक जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में संपन्न हुई. इस दौरान जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर प्रहलाद पटेल के अलावा समस्त डॉक्टर, ऑपरेटर, नर्स ऑफिसर, वार्ड बॉय जिला अस्पताल संबंधित समस्त कर्मचारीयों का विशेष योगदान रहा,जिनकी प्रशंसा जहर की गई.

### एक नजर में



## देशव्यापी रैली, धरना प्रदर्शन 25 को

**नवभारत,दमोह** . भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री देवेंद्र चौबे ने बताया की आज भारतीय मजदूर संघ के समस्त अनुसांगिक संगठनों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख धर्मेंद्र चौबे,बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण तिवारी ने की बैठक में ज्ञापन प्रभारी व सह ज्ञापन प्रभारी जिले में संख्यात्मक दृष्टि से भव्यता के साथ ज्ञापन धरना प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु संघ की रचना अनुसार कार्य को गति देंगे।भारतीय मजदूर संघ के 21 वे अखिल भारतीय अधिवेशन में तय हुआ था, तदनुसार भारतीय मजदूर संघ इन मांगों की ओर केंद्र सरकार व राज्य सरकार का ध्यान आकर्षण करने के लिए पूरे देश में 25 फरवरी को विशाल रैली धरना प्रदर्शन संगठन द्वारा दमोह में आयोजित किया गया है,भारतीय मजदूर संघ के समस्त अनुसांगिक संगठनों की उपस्थिति में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने संख्यात्मक दृष्टि से सहमति एवं भव्यता के साथ 25 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे बेलाताल टापू पर एकत्रीकरण का रैली के रूप में जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा जायेगा।



## 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नवभारत,पटेरा/दमोह** .देवभूमि स्कूल परिसर में पतंजलि योगपीठ के मार्ग दर्शन में योग शिविर का आयोजन किया गया .सहयोग प्रशिक्षण शिविर 22 फरवरी से प्रारंभ होकर 18 मार्च तक 25 दिवसीय प्रशिक्षण सहयोग शिक्षक का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा .इसके पश्चात मुख्य योग शिक्षक प्रमाण पत्र के लिए आगामी माहों में हरिद्वार प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा .पटेरा के समस्त पतंजलि कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की उपस्थिति में मां भारती की दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाल पहनाकर विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई .समस्त उपस्थित पदाधिकारी गणमान्य नागरिकों का पुष्पहार से स्वागत किया गया .इसके उपरांत समिति के जिला प्रभारी कृष्ण कुमार परोहा द्वारा योग साधकों को वार्म-अप योगीक जॉगिंग भस्त्रिका, कपाल भाति वाह्या प्राणायाम अग्निसार,उज्जाई प्राणायाम,कर्ण पीड़ंतक,अनुलोम विलोम,भ्रामरी,उदगीथ और प्रणव का ध्यान मांडूकआसन,अर्ध चंद्रासन उष्ट्रासन,हास्यासन व एक्यूप्रेशर से होने वाले लाभों को बताया शांति पाठ के साथ प्रथम दिवस का समापन किया गया .

## सरिता अग्रवाल का निधन



**नवभारत,दमोह।** पत्रकार रूपेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल की मम्मी श्रीकांत अग्रवाल की भाभी व मुरारी लाल अग्रवाल व्यवसायी की पत्नी श्रीमती सरिता अग्रवाल का रविवार की शाम हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हटा नाका मुक्तिधाम में सोमवार दिनांक 23 फरवरी 26 की सुबह 10 बजे किया जाएगा। शव यात्रा उनके निजी निवास नया बाजार नंबर 5 बड़ा पुल के पास से प्रारंभ होगी।




## एनएसएस शिविर में स्वच्छता जागरूकता रैली

**नवभारत,दमोह/पथरिया.** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय,पथरिया के छात्र इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के दूसरे दिन गोद ग्राम मिर्जापुर,जिला दमोह में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई ।रैली का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना एवं स्वच्छ वातावरण के लिए प्रेरित करना रहा ।कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जगदीश प्रसाद् के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पूरे ग्राम में रैली निकालकर स्वच्छता से जुड़े प्रेरक नारों का उद्घोष किया। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण, कचरा प्रबंधन और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी दी ।रैली के दौरान ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया ।शिविर में बौद्धिक चर्चा सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अवधेश प्रताप व डॉ. मंगल सिंह सर विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को सामाजिक दायित्व,व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया ।कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ.संध्या शर्मा एवं श्रीमति प्रियंका राजपूत, राहुल सर डॉ. किरण सिंह डॉ.रविता डॉ. सारिका का विशेष सहयोग रहा। उनके सहयोग से शिविर की गतिविधियाँ सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुईं ।शिविर के माध्यम से ग्राम मिर्जापुर में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ है।

## स्वदेशी जागरण मंच द्वारा परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया

**नवभारत,दमोह** . रविवार को स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी परिचय सम्मेलन का आयोजन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,दमोह में किया गया .सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करते हुए स्थानीय संसाधनों के उपयोग व स्वावलंबन के माध्यम से आत्मनिर्भर समाज के निर्माण हेतु जनजागरण करना रहा .कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वदेशी की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं बल्कि जीवन की एक समग्र पद्धति है,जो स्थानीय उत्पादन, लघु उद्योगों के संवर्धन एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देती है .स्वावलंबी केंद्रों के माध्यम से युवाओं व महिलाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं. उद्बोधन के क्रम में डॉ. मोनिका पालीवाल (जिला महिला कार्य प्रमुख) ने महिलाओं को स्वदेशी उत्पादों के निर्माण व उपयोग के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया .श्रीमती एकता विश्वकर्मा (नगर महिला प्रमुख) ने स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया. रश्मि वर्मा (जिला उद्यमिता प्रमुख) ने युवाओं को स्वदेशी आधारित उद्यम स्थापित करने हेतु प्रेरित किया. दीप्ति खरे (नगर उद्यमिता प्रमुख) ने स्वावलंबी केंद्रों के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण के महत्व को रेखांकित किया.






## वृहद स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**नवभारत,दमोह।** भारत विकास परिषद शाखा दमोह द्वारा ग्राम ककरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें ककरा ग्राम के आसपास क्षेत्र के 560 ग्रामीण जनों ने शिविर में आकर पंजीयन करा कर चिकित्सकों को दिखाया शिविर में 52 आयुष्मान कार्ड बनाए गए व 300 से अधिक आभा आईडी की ऑनलाइन प्रक्रिया आरंभ की गई। इस शिविर में क्षय रोग परीक्षण शुगर बीपी व रक्त जांच की गई कुपोषित बच्चों की जांच एनआरसी के तहत की गई इसके अतिरिक्त शिविर में खूब लाल पटेल हाई स्कूल भारत विकास परिषद व शेडमेप के सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया तथा शिविर में निशुल्क दवा वितरण भी किया गया ।शिविर में डॉ हरीश खंडेलवाल,डॉ. अमित जैन,डॉ प्रदीप शेंडेय,डा प्रिया जैन,डॉ नीना विलियम सन,डॉक्टर जेपी बागरी, डॉ प्रियंका छाबड़ा, डॉ अनामिका खरे,डॉ सृष्टि अरोरा, डॉ रौनक अरोरा,डॉ आरके पटेल,डॉ.अनुराग कुमार,डॉ बृजेश कुलपरिया, डॉ अनंत राम पटेल, डॉ प्रिया खरे, डॉ शुभम राव व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया की स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे ।शिविर का शुभारंभ लखन पटेल राज्य मंत्री मप्र शासन के मुख्य आतिथ्य व शाखा की अध्यक्षा डा.श्रीमती किरण दुबे गोस्वामी,की अध्यक्षता रही.

**लापरवाही** | पुलिस ने जल्द गिरफ्तार करने की उम्मीद जताई

# चोरी का आरोपी देहात थाने से भागा

**नवभारत,दमोह।** देहात थाना सागर नाका चौकी पुलिस की अभिरक्षा से चोरी के मामले में पकड़े गए एक आरोपी के फरार हो जाने से हड़कंप के हालात बने हुए हैं. देहात थाना सागर नाका चौकी क्षेत्र के चोरी के एक बहुचर्चित मामले में एक बार फिर पुलिस की लापरवाही सामने आई है.पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी संतोष काछी एक बार फिर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा. जिसकी तलाश में अब पुलिस नए सिरे से जुट गई है. मामले में सीएसपी एच आर पांडे ने बताया कि एडवोकेट श्री गर्ग के चोरी प्रकरण में जय राम काछी नामक आरोपी पहले से जेल में है वहीं उसके पिता संतोष काछी को शनिवार शाम को हिरासत में लिया गया था.रविवार सुबह करीब 4 बजे शौच क्रिया का बहाना करके वह पुलिस कर्मियों को चकमा देकर थाने के पीछे खेत से भाग गया है. जिस पर उसके खिलाफएक और अपराध धारा 262 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है. लापरवाही पुलिस कर्मियों के खिलाफभी कार्यवाही की जा रही है. उल्लेखनीय की एडवोकेट श्री गर्ग के यहां हुई चोरी मामले में देहात थाना परिसर में अभी रक्षा में रखा गया था, थाने से भागे आरोपी की तलाश करने में सीएसपी एचआर पांडे, टीआई रचना मिश्रा, चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी, सब इंस्पेक्टर विक्रम दांगी सहित पुलिस टीम तलाश में लगी हुई है. जल्द ही आरोपी मिलने की संभावना जताई जा रही है.




### अवैध सट्टा खिलाने वालों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही

**नवभारत,तेन्दूखेड़ा/दमोह** . तेन्दूखेड़ा में अवैध रुप से सट्टा खिलाने के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर दिनांक 21 फरवरी 2026 को अवैध सट्टा खिलाने वालों के विरुद्ध सूचना एकत्रित की जाकर थाना तेन्दूखेड़ा पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये दबिश देकर कुल06आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाकर कुल 06 अपराध पंजीबद्ध किये गये. पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में,अति.पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व एसडीओपी श्रीमति अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा द्वारा टीम गठित कर अवैध सट्टा खिलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी .सराहनीय कार्य थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा निरी. रावेन्द्र बागरी,प्र.आर.799 बृजेश तिवारी,प्र.आर.04 रविचन्द्र सेन, आर.837 विशाल बैन,आर.155 रणधीर दांगी की सराहनीय भूमिका रही.



## मंडल के सभी बूथ केंद्रों पर श्रवण किया गया मन की बात कार्यक्रम

### जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं सांसद राहुल सिंह ने दीनदयाल मंडल में श्रवण की मन की बात

**नवभारत,दमोह।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 131 वां संस्करण भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में मंडल के सभी बूथ केंद्रों पर कार्यक्रम को श्रवण किया। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने मन की बात का कार्यक्रम दीनदयाल नगर मंडल के मांगज वार्ड नंबर 5 के बूथ क्रमांक 133 पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, जिला महामंत्री महेश पटेल, संजय यादव, उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह परिहार,जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल,जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल,मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेयी,बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अमर सिंह राजपूत एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ श्रवण किया।